दिनांक 27.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर को स्वच्छ रखने दूसरे दिन भी भिलाई निगम का महाअभियान, टोटल लॉकडाउन में स्वच्छता, सैनिटाइजिंग में जुटे कर्मी

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव , कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विशेष सफाई और मेगा सैनेटाइजन अभियान के निर्देश अधिकारियों को दिए है इसके तारतम्य में दूसरे दिन रविवार को भी सड़क, नालियों की साफ-सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर चल रहे सैनेटाइजिंग कार्य का जोन कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने जायजा लिया। महा अभियान के तहत आज सफाई के साथ-साथ नालियों के उपर अवैध रूप से बनाई गई कांक्रीट के स्लैब को तोड़कर जाम नालियों की सफाई की गई। जोन- 1 की टीम ने नेहरू नगर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स रोड, वार्ड-6 आकाश गंगा ढिल्लन कॉम्प्लेक्स के पीछे मेन नाली के उपर बनाई गई स्लैब को जेसीबी मशीन से तोड़कर सफाई की। यहां के व्यापारियों ने नाली पर स्लैब बनाकर कब्जा कर लिया था। सफाई कर्मियों की टीम ने आकाश गंगा और सब्जी मंडी की सड़कों को पानी से धुलाई की। सफाई कर्मियों की टीम ने मूकबधिर स्कूल के पीछे , पत्रकार कॉलोनी प्रियदर्शनी परिसर दक्षिण गंगोत्री, डॉ अग्रवाल क्लीनिक के आसपास बिखरे पड़े पालीथिन को एकत्र किया गया। कंटीली झाडियों की कटाई की गई। डेंगू से निपटने टेमीफास दवा का वितरण शहर के समस्त वार्डों में टेमीफास दवा का वितरण किया गया है, निगम की टीम क्षेत्रों में घूम घूम कर जलजमाव वाले पात्रों का सघन निरीक्षण कर रही है और लार्वा को नष्ट करने का कार्य कर रही है ! आज डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड-29 बापू नगर और वार्ड 33 के घरों में टेमीफास का वितरण करते हुए इसके उपयोग के तरीके बताए गए। वार्ड-33 के सर्विस रोड की बड़ी नालियों की सफाई की गई। चूना ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया। वार्ड 35 शास्त्री नगर बाबा बालक नाथ मंदिर स्थित तालाब के आसपास की सफाई की गई। घरों में डेंगू और कोरोनो से बचाव को लेकर पॉम्पलेट वितरण किया गया।

बड़े मैदानों की भी सफाई महा अभियान के तहत बड़े और खुले मैदानों की भी सफाई की जा रही है! जोन-2 के सफाई कर्मियों के दल ने शांति नगर दशहरा मैदान और कॉलोनी की सफाई किया। सोडियम क्लोराइड के घोल का छिड़काव कर आसपास के क्षेत्रों के दुकानों एवं मकानों को सैनेटाइज किया गया। वार्ड-16 कुरूद, मुक्तिधाम रोड , वार्ड-21 आदर्श नगर शर्मा गली , युग निर्माण स्कूल के पास , राजेश क्लीनिक के सामने, बुद्ध विहार, सतनाम भवन, वार्ड 22 पानी टंकी के पास वार्ड- 23 मछली मार्केट की सफाई की गई। घर और सभी दुकानों को सैनिटाइज किया गया वार्ड 25 न्यू संतोषी पारा मजार लाइन, विजय साहू लाइन, चौहान लकड़ी टाल लाइन, आटा चक्का के आसपास एरिया में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया गया। जोन क्रमांक 4 क्षेत्र में 40 सफाई कामगारों की टीम ने 1200 मीटर नाली की सफाई की, 4800 मीटर सड़कों की सफाई की , 49 स्थलों से कचरा उठाया , स्प्रे के माध्यम से 1000

मिलीलीटर सैनिटाइजर का सघन क्षेत्रों में छिड़काव किया , नालियों की सफाई के बाद चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव तथा जन जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया!